AARSH BOOKS

# Active English

## Teacher's Resource Book

Class 6



# Active English-6

## 1. No Men Are Foreign

**हिन्दी अनुवाद**

याद रखें, कोई व्यक्ति अजनबी नहीं है, न कोई देश-विदेशी,
सभी परिधानों के नीचे, एक शरीर ही साँस लेता है
हमारी तरह ही; वह धरती जिस पर हमारे भाई चलते हैं वह
इस जैसी पृथ्वी ही है, जिसमें हम सभी मृत्यु को प्राप्त होंगे।
वे भी धूप, पानी और वायु से अवगत शान्तिपूर्ण अन्न से पलते हैं,
युद्ध के चिरकाल शीत से भूखों मरते हैं,
उनके हाथ हमारे हाथ हैं और उनकी रेखाओं में हम पढ़ते हैं
एक परिश्रम जो हमारे से भिन्न नहीं है।
याद रखें, उनकी आँखें हमारी जैसी हैं जो जागती हैं
या सोती हैं और शक्ति जो प्रेम से जीती जा सकती है।
हर जगह जीवन सामान्य है
जिसे सभी पहचान सकते हैं, समझ सकते हैं।
हम याद रखें, जब कभी हमसे अपने भाइयों से घृणा करने को कहा जाए
तो हम स्वयं का ही हरण करते हैं
स्वयं से विश्वासघात करते हैं, स्वयं की निन्दा करते हैं,
याद रखें, हम वे जो एक-दूसरे के विरुद्ध शस्त्र उठा लेते हैं।
यह मानवी भूमण्डल जिसे हम अपवित्र करते हैं,
आग और धूल-मिट्टी के हमारे नरक,
उस वायु की पवित्रता को कलंकित करते हैं जो सर्वत्र हमारी है।
याद रखें, न कोई व्यक्ति अजनबी है, और न कोई देश-विदेशी।

### Exercise

**Comprehension**

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (b), **2.** (a), **3.** (d).

**II. Answer the following questions :**

**1.** We think that other men are strangers and other countries are foreign.
**2.** Before going to war, the poet advises us to think of other men as our brothers and other countries as our own.
**3.** The earth, where we are born and die, does not differ from man to man and it is the same for all.
**4.** The poet wants us to recognize and understand that there is common life in every land.

5. If we go to war, it is ourselves that we shall disposses, betray and condemn.
6. By going to war against any nation, we defile our human earth and dirty our own air.
7. The poem teaches us the lesson of peace and brotherhood.

## Language Skill Practice

**III. Pick out the auxiliary verbs in the following sentences and say whether they are primary or modal :**

**Auxiliary Verbs**

| S.No. | Primary | Modal |
|---|---|---|
| 1. | were | - |
| 2. | is | - |
| 3. | Did | - |
| 4. | - | Can |
| 5. | - | ought to |
| 6. | - | must |
| 7. | - | will |
| 8. | do | - |
| 9. | have | - |
| 10. | - | may |

# 2. Flying Today

### हिन्दी अनुवाद

क्या तुमने कभी कोई हवाईजहाज देखा है? क्या तुम कभी किसी में बैठे हो? वह प्रथम हवाईजहाज है जो कि सफलतापूर्वक उड़ा था, राइट बन्धुओं के द्वारा बनाया गया था। राइट बन्धु कुशल व्यक्ति थे। उन्होंने सर्वप्रथम अपनी कुशलता का उपयोग अपने शहर डेटोना, ओहायो में साइकिल का कारखाना बनाने में किया था। बड़ा भाई विल्बर वर्ष 1890 के दशक के अन्त में उड़ान में रुचि लेने वाला पहला व्यक्ति था और वर्ष 1900 में विदेशों के ग्लाइडर्स का विवरण पढ़ने के बाद अपने छोटे ऑरविल की सहायता से उसने अपना ग्लाइडर बनाया। ग्लाइडर बिना इंजन का हवाईजहाज होता है। यह हवा में एक पतंग की तरह तैरता है। एक ग्लाइडर में एक व्यक्ति बैठ सकता है और उसे नियंत्रित कर सकता है, चूँकि यह बिना इंजन के है, यह हवा में बहुत अधिक समय के लिए ठहर नहीं सकता।

उन दिनों मोटरकार में पेट्रोल इंजन होते थे जोकि बहुत भारी थे। राइट बन्धुओं ने एक बहुत छोटे और हल्के इंजन का आविष्कार किया। उन्होंने उसे अपने ग्लाइडर में रखा। तब उनमें से एक हवाईजहाज में बैठा और इंजन को चालू किया। हवाईजहाज के पंख कुछ स्वयंसेवकों ने सँभाल रखे थे। जब इंजन बहुत तेज चलने लगा, उन्होंने उसे जाने दिया। जहाज जमीन पर तेजी

से आगे की ओर दौड़ा। तब, अंतत:, यह हवा में कुछ मीटर के लिए ऊपर उठा। एक आदमी पहली बार उड़ा! यह साहसिक कार्य 17 दिसम्बर, 1903 को सम्पन्न हुआ। जल्दी ही पूरा विश्व राइट बन्धुओं की सफलता के बारे में जान गया। वे बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय हो गए। जैसे-जैसे समय व्यतीत हुआ, और लोगों ने हवाईजहाज बनाए। ये बड़े और बेहतर हवाईजहाज थे। आज, आधुनिक हवाईजहाज सैकड़ों व्यक्तियों को लेकर तेज गति से पूरे संसार में उड़ते हैं। यह राइट बन्धुओं के कौशल और बहादुरी के कारण ही प्राप्त हो सका है। क्या तुम कभी हवाई अड्डे गए। भारत में कई हवाई अड्डे हैं। भारत में बने आरंभ के हवाई अड्डे छोटे थे। तब अधिक-से-अधिक व्यक्तियों ने उड़ान लेना आरंभ किया और हवाईजहाज बड़े से बड़े होते गए। हवाई अड्डे बड़े होने चाहिए इतने बड़े कि बड़े, तेज चलने वाले जहाज उतरें और उड़ान भर सकें। उनमें सैकड़ों व्यक्तियों की आवश्यकताओं और उनके सामान का प्रबन्ध करने के लिए योग्य होना चाहिए। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक बड़े आधुनिक हवाई अड्डे का बढ़िया उदाहरण है।

आज हवाईजहाज ऐसे बनाए जाते हैं कि वे माल और यात्रियों की भी देखभाल कर सकते हैं। माल का अर्थ, ऐसा सामान जो कि एक स्थान से दूसरे स्थान तक जहाज या हवाईजहाज के द्वारा ले जाया जाए। उदाहरण के लिए, यदि हम पत्रों और पार्सलों को दूसरे देश हवाईजहाज द्वारा भेजते हैं तो यह हवाई डाक कहलाती है। हवाई डाक एक प्रकार का माल है जिसे हवाईजहाज ढोता है।

शायद एक दिन आप भी भारत के बड़े अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों में से एक को देखेंगे। जब आप बड़े शक्तिशाली हवाईजहाजों को उड़ान भरते और उतरते हुए देखें, तो राइट बन्धुओं को याद करें। आखिर वे ही थे जिन्होंने उड़ान को संभव बनाया। क्या आप जानते हैं कि पहली उड़ान और भाइयों के बीच सम्बन्ध की सच्ची कहानी वर्ष 1976 में प्रकट हुई, जब ऑरविल द्वारा छुपााए गए कागजात यू०एस०ए० में प्रकाशित किए गए।

## Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (b), **2.** (c), **3.** (c).

**II. State whether the following statements are True or False :**

**1.** F, **2.** T, **3.** F, **4.** T, **5.** F.

**III. Answer the following questions :**

**1.** The first aeroplane was made by Wright brothers, Wilbur and Orvile.
**2.** A glider is a plane which has no engine, while the aeroplane has an engine.
**3.** A glider cannot stay in the air for long as it has no engine.
**4.** Cargo means goods carried from one place to another by ship or by air.
**5.** These days, we have big airports as more and more people have begun to fly, and aeroplanes have become bigger and bigger.

## Language Skill Practice

**IV. Complete the spellings :**


p**o**ssib**l**e, c**ar**g**o**, eng**in**e, p**o**we**r**f**u**l, a**c**hi**e**ve, g**r**o**u**nd.

**V. Make adjectives from the nouns :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| wonder | **wonderful** | sorrow | **sorrowful** |
| beauty | **beautiful** | skill | **skilful** |
| power | **powerful** | care | **careful** |

## Activity Time

**VI. Complete the cross word puzzle :**




# 3. Siddhartha : The Kind Prince

### हिन्दी अनुवाद

सिद्धार्थ एक राजकुमार थे। वह राजा शुद्धोधन के पुत्र थे। वह राज्य के उत्तराधिकारी थे, परन्तु वह साधारण नागरिक की तरह ही दयालु थे। वह अपने महल में खुश नहीं थे। वह घण्टों तक बाग में बैठना पसन्द करते थे। वह बाग में ऊँचे पेड़, सुन्दर फल, पक्षियों और तितलियों को देखकर खुश होते थे। वह पक्षियों का गाना सुनने में अधिक रुचि लेते थे।

अन्य राजकुमारों की भाँति, सिद्धार्थ को जीव-जंतुओं का शिकार करना अथवा उन्हें नुकसान पहुँचाना पसन्द नहीं था।

देवदत्त सिद्धार्थ का चचेरा भाई था। वह भी एक राजकुमार था। उसे पक्षियों का शिकार करना पसन्द था। यह उसका प्रिय खेल था।

एक दिन, सिद्धार्थ बाग में बैठे हुए थे। अचानक एक हंस जमीन पर आकर गिरा। चौंक कर सिद्धार्थ ने उसे अपनी गोद में उठा लिया। हंस देवदत्त द्वारा चलाए गए बाण लगने के कारण घायल हुआ था। सिद्धार्थ को हंस पर दया आ गई। उन्होंने बाण को बाहर खींचा और घाव को धोया। उन्होंने उसे थोड़ा पानी दिया।

देवदत्त अपने धनुष-बाण लिए सिद्धार्थ के पास आया। उसने देखा, हंस सिद्धार्थ की गोद में है।

देवदत्त : यह हंस मुझे दो। यह हंस मेरा है। मैंने इस पर निशाना लगाया है।

सिद्धार्थ : तुमने इस सुन्दर पक्षी पर निशाना लगाया है! तुम बहुत क्रूर हो।

देवदत्त : नहीं, मैं क्रूर नहीं हूँ। मैं एक अच्छा निशानेबाज हूँ। मुझे मेरा हंस दो।

सिद्धार्थ : नहीं, मैं यह हंस तुम्हें नहीं दूँगा। मैंने इसे बचाया है, इसलिए यह हंस मेरा है।

देवदत्त : हमें राजा के पास चलना चाहिए। वह फैसला करेंगे।

*(वे दोनों राजा के पास गए। राजा ने दोनों को सुना और अपना निर्णय दिया।)*

राजा : देवदत्त, तुमने पक्षी को निशाना लगाया है। तुम इसे मारना चाहते थे, इसलिए यह तुम्हारा नहीं है। सिद्धार्थ ने इसका जीवन बचाया है, इसलिए यह पक्षी उसका है।

दयालु राजकुमार सिद्धार्थ बाद में गौतम बुद्ध हो गए। वह बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। यह धर्म विश्व के कई भागों, जिनमें चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड आदि तथा दक्षिण-पूर्वी देश शामिल हैं, में फैल गया।

## Exercise

### Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (c), **3.** (c), **4.** (a).

**II. Fill in the blanks :**

**1.** hunting, **2.** songs, **3.** garden, **4.** Siddhartha, **5.** Siddhartha.

**III. State whether the following sentences are True or False :**

**1.** T, **2.** F, **3.** T, **4.** F, **5.** F.

**IV. Answer the following questions :**

**1.** Siddhartha was the son of king Shuddhodhana.
**2.** Siddhartha loved to sit in the garden for hours.
**3.** Devadatta was the cousin brother of Siddhartha.
**4.** Devadatta liked hunting birds.
**5.** Siddhartha felt pity for the wounded swan. He pulled the arrow out and washed the wound.
**6.** The king gave the swan to Siddhartha.

### Language Skill Practice

**V. Match the related words :**

| | |
|---|---|
| crown | **prince** |
| tall | **trees** |
| beautiful | **flowers** |
| bow | **arrow** |
| favourite | **game** |

**VI. Correct the spellings :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| pelace | **palace** | baeutiful | **beautiful** | cuosin | **cousin** |
| gruond | **ground** | arrwo | **arrow** | woundned | **wounded** |

**VII. Match the words given under column 'A' with their opposites given under column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Kind | (c) **cruel** |
| **2.** Happy | (e) **sad** |
| **3.** Kill | (b) **save** |
| **4.** Love | (d) **hate** |
| **5.** Beautiful | (a) **ugly** |

## Activity Time

**VIII. Match the pictures with the religions :**





Islam

Hinduism

Christianity

Sikhism

Buddhism







# 4. A Cold Winter Night

**हिन्दी अनुवाद**

होरी एक गरीब किसान था। उसके पास फसल उगाने के लिए केवल भूमि का एक छोटा टुकड़ा था। उसने गाँव के साहूकार से कुछ धन उधार लिया था। वह धन को समय पर वापस नहीं कर सका। एक दिन साड़ू नमक साहूकार, उसकी झोपड़ी पर आया और उसने अपने पैसे वापस करने के लिए कहा। होरी ने कहा, ''कृपया मुझे कुछ समय और दे दो। जैसे ही मेरी फसल कट जाएगी, मैं तुम्हारा धन लौटा दूँगा।'' साड़ू ने उसे भला-बुरा कहा, और जोर देकर कहा कि उसे जल्दी ही उसका धन वापस कर दे, नहीं तो वह गाँव के प्रधान के पास जाएगा और इस सब के बारे में शिकायत करेगा। होरी की पत्नी यह बेइज्जती सहन नहीं कर सकी और उसने कहा, ''मैंने कुछ धन सर्दियों के लिए कम्बल खरीदने के लिए रखा है, कृपया उसे साहूकार को चुका दो, ताकि हम इसके उधार से छुटकारा पा सकें।'' होरी ने कहा, ''लेकिन हम यह सर्दी बिना कम्बल के कैसे गुजारेंगे?''

होरी की पत्नी ने कहा, हम कुछ नहीं कर सकते अत: हमें साहूकार का धन चुका देना चाहिए, नहीं तो हमें ग्राम-प्रधान का भी भला-बुरा सहन करना पड़ेगा।'' आखिरकार होरी ने साहूकार का धन चुका दिया।

उसकी पत्नी की आँखों में आँसू थे। उसने होरी से कहा, ''यद्यपि हम इतनी मेहनत करते हैं, फिर भी हम इतने गरीब हैं कि एक कम्बल भी नहीं खरीद सकते। इतना कठिन परिश्रम करने का क्या उपयोग है? तुम खेती-छोड़कर मजदूर क्यों नहीं बन जाते?''

होरी ने कहा, ''हम क्या कर सकते हैं? यह हमारा दुर्भाग्य है कि हम गरीब पैदा हुए हैं। हम अपने भाग्य से नहीं लड़ सकते। हमारे भाग्य में केवल गालियाँ ही हैं और हमें उनको सहना ही पड़ेगा। हमारे पास न तो खाने के लिए भोजन है और न ही पहनने के लिए कपड़े हैं। मुझे अब खेतों पर चले जाना चाहिए, अँधेरा हो रहा है।''

होरी ने अपने कुत्ते मोती को साथ लिया और खेतों पर चला गया। उस रात बहुत ठण्ड थी। होरी और मोती ठण्ड से काँप रहे थे। उसने ने अपना हुक्का गुड़गुड़ाया और सोने की कोशिश की, लेकिन ठण्ड से कोई राहत नहीं मिली।

तब होरी ने कुछ आग जलाई। जल्दी ही होरी और मोती ने गर्मी महसूस की और सो गए। कुछ समय पश्चात् मोती ने कुछ जानवरों की आवाज सुनी। वह उठ गया और भौंकने लगा। कुछ पशु खेत के अन्दर घुस गए थे और फसल खा रहे थे। मोती बार-बार भौंक रहा था, लेकिन उसका मालिक नहीं उठा।

अगली सुबह जब होरी उठा, उसे अपनी पत्नी को वहाँ खड़े देखा। उसने कहा, ''क्या तुम आज सोकर नहीं उठोगे? देखो, पशु सारी फसल खा गए। तुम्हें खेतों का ध्यान रखना चाहिए था। तुमने मोती के भौंकने की भी आवाज नहीं सुनी।''

होरी ने देखा कि पशुओं ने सारी फसल बरबाद कर दी, कुछ नहीं बचा था। होरी ने चिन्तित होने के बजाय एक चैन की आह भरी और कहा, ''अब मुझे ऐसी ठण्डी बर्फीली रात में खुले में नहीं सोना पड़ेगा। मैं एक मजदूर की भाँति काम करूँगा।''

# Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (c), **3.** (b).

**II. State whether the following statements are True or False :**

**1.** T, **2.** F, **3.** F, **4.** F, **5.** T.

**III. Answer the following questions :**

**1.** Hori could not buy the blanket as he had given all the money to the moneylender to get rid of his debt.

**2.** Hori said that it is their bad luck that they were born poor. They couldn't fight with fate. There are only abuses for them and they had to bear them.

**3.** Moti barked as some cattle had entered the field and they were eating the crop.

**4.** Took a sigh of relief when he looked at his destroyed crop because now he would not have to sleep in the open on such an icy cold night.

## Language Skill Practice

**IV. Match the words given under column 'A' with similar words given under column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Rebuked | (d) **abused** |
| **2.** Tolerate | (e) **bear** |
| **3.** Immediately | (f) **at once** |
| **4.** Farming | (c) **growing crops** |
| **5.** Got up | (b) **woke up** |
| **6.** Otherwise | (a) **else** |

**V. Correct the spellings :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| piese | **peace** | dastroyed | **destroyed** |
| immediatly | **immediatly** | cattel | **cattle** |
| labourar | **labourer** | relief | **relief** |

shevering **shivering** neither **neither**

## Activity Time

**VI. Fill in the blanks with the words given below :**

**1.** to get rid of, **2.** in need, **3.** on time, **4.** As soon as, **5.** Instead of, **6.** a lot of.

# 5. A Great Scientist : Louis Pasteur

### हिन्दी अनुवाद

करीब तीन सौ वर्ष पूर्व, लुई पाश्चर नाम का एक लड़का फ्रांस में रहता था। अपने बचपन में, किसी पागल भेड़िये द्वारा किसी मनुष्य को काट दिए जाने की बात सुनकर वह बहुत भयभीत हो गया था। पागल भेड़िया रेबीज नामक एक खतरनाक रोग, से पीड़ित था। मनुष्य जिसे काटा गया था संभवत: रोगी हो जाने पर, कठिन कष्ट सहता हुआ मर जाए।

लुई एक अत्यन्त विचारशील बालक था। जब उसने विद्यालय की पढ़ाई समाप्त की, उसने रसायन विज्ञान की समस्याओं पर कार्य किया, अनेक खोज कीं और प्रसिद्ध हो गया। तब अनेक प्रश्न एवं समस्याएँ उसके मस्तिष्क में आने लगे और वह उनके उत्तर एवं निदान खोजने में लग गया। ऐसे कुछ प्रश्न थे—सुरा (अंगूर की शराब) और बियर (जौ की शराब) को कौन-सी वस्तु बनाती है? कभी-कभी सुरा और बियर खट्टे क्यों हो जाते हैं? दूध को खट्टा क्या करता है? कठोर परिश्रम के बाद, उसने खोजा कि दूध, सुरा अथवा बियर में परिवर्तन किन्हीं जीवाणुओं अथवा कीटाणुओं के द्वारा किया जाता है।

लगभग दो हजार वर्ष पूर्व भी किसी ने जीवाणुओं के विषय में एक संकेत दिया था परन्तु कोई भी इसे सिद्ध न कर सका क्योंकि उन दिनों सूक्ष्मदर्शी (यन्त्र) नहीं थे। वर्ष 1675 में ल्यूवेनहॉक ने भी एक लेंस के द्वारा पानी की एक बूँद में कुछ गतिशील आकृतियाँ देखी थीं। इसके बाद, लुई पाश्चर ने गंभीरता से कार्य किया और उसने इन जीवाणुओं को उत्पन्न करना तथा उनका विकास करना प्रारम्भ किया। उसने सूक्ष्मदर्शी में देखा और जाना कि ये जीवाणु अथवा कीटाणु बहुत सूक्ष्म और साधारण पौधे-सदृश वस्तुएँ हैं, इतने सूक्ष्म कि उन्हें केवल सूक्ष्मदर्शी की सहायता से ही देखा जा सकता है। उसने इन जीवाणुओं के कारणों और प्रभावों का अध्ययन किया और उन्हें दो समूहों में बाँट दिया : लाभकारी (हितकर) जीवाणु और हानिकर जीवाणु। उन्होंने हानिकर जीवाणुओं को मारने के ढंग का भी पता लगाया।

जीवाणु (बैक्टीरिया) हमारे दूध पर प्रभाव डालते हैं। ताजे दूध में बैक्टीरिया की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है। परन्तु ग्वाले के कपड़ों से अथवा गाय की त्वचा (शरीर) से और (अधिक) बैक्टीरिया दूध में प्रवेश कर जाते हैं। एक निश्चित तापमान तक वे बहुत तीव्र गति से बढ़ते हैं और उनकी संख्या गुणात्मक बढ़ती रहती है। शीघ्र ही जीवाणुओं का एक जाल फैल जाता है और दूध खट्टा हो जाता है। यही बात सुरा अथवा शराब की है। इसी तरह हमारा भोजन खराब, कड़वा अथवा बदबूदार हो जाता है।

जीवाणु को मारकर हम दूध को अधिक देर तक सुरक्षित रख सकते हैं। दूध को 50° से 60° सेन्टीग्रेड तापमान तक गरम किया जाता है। तब दूध की बोतल एक वायुरोधक ढक्कन से ढक दी जाती है, ताकि और जीवाणु उसमें प्रवेश न कर सकें। इस विधि को पाश्चुरीकरण

कहते हैं, जिसका आविष्कार लुई पाश्चर ने किया। पाश्चुरीकरण न केवल उन जीवाणुओं को नष्ट करता है, जो खटास करते हैं परन्तु उन कीटाणुओं को भी मार देता जो विभिन्न रोग उत्पन्न करते हैं।

इस प्रकार, एक निश्चित तापमान तक ऐसे जीवाणु बढ़ते हैं परन्तु एक निश्चित ऊँचे तापमान पर वे नष्ट हो जाते हैं। ऐसे जीवाणु हानिकारक हैं, परन्तु कुछ जीवाणु ऐसे हैं जो मानव के लिए उपयोगी हैं, वे मक्खन, शराब, सिरका बनाने में या चमड़े को कमाने (टैन करने) में और तम्बाकू को सुखाकर ठीक रखने में सहायता करते हैं।

कुछ जीवाणु ऐसे हैं जो विभिन्न रोग उत्पन्न करते हैं। लुई पाश्चर ने पता लगाया कि कुछ जीवाणुओं से अनेक रोग उत्पन्न होते हैं जिन्हें उन्होंने रोगाणु कहा। परन्तु कुछ रोग वायरस (विषाणु) के द्वारा होते हैं। वायरस जीवाणुओं से भी छोटे होते हैं और पाश्चर के समय में उन्हें देख सकने योग्य सूक्ष्मदर्शी नहीं थे। पाश्चर ने फ्रांस में आम बीमारी एन्थ्रेक्स का अध्ययन किया। यह एक पशु रोग है परन्तु मनुष्य भी इससे संक्रमित हो सकता है। उन दिनों अनेक भेड़ और चौपाये पशु फ्रांस में इस रोग के कारण मर जाते थे। उन्होंने खोज की कि यदि पशुओं को रोग के कमजोर बैक्टीरिया का टीका लगा दिया जाये, तो जब पशुओं को वास्तविक शक्तिशाली बैक्टीरिया का संक्रमण होगा तो वे मरेंगे नहीं। दूसरे वैज्ञानिकों ने भी इस समस्या पर कार्य किया, और वायरस पर अध्ययन ने मनुष्यों की अनेक बीमारियों पर विजय पाने में उनकी बहुत सहायता की।

इस प्रकार, वर्तमान में मानव के टायफॉइड, डिफ्थीरिया, क्षय आदि रोगों से रक्षार्थ टीके लगाये जाते हैं और इन घातक रोगों से प्राणरक्षा की जा सकती है।

अपने बचपन की उस छोटी घटना को पाश्चर भूला नहीं था कि उस मनुष्य के विषय में सुनकर वह कितना अधिक डरा था, जिसे एक पागल भेड़िये द्वारा काट लिया गया था, जो रेबीज नाम की भयंकर बीमारी से पीड़ित था। उन्होंने ने पता लगाया कि रेबीज एक प्रकार के वायरस के कारण होता है। यह बीमारी कुत्ते, भेड़ियों, गीदड़ों, खरगोशों तथा अन्य दूसरे पशुओं और यहाँ तक, मनुष्यों में बहुत आम होती थी। उन्होंने पशुओं पर अपने प्रयोग किये। सर्वप्रथम उन्होंने कुछ खरगोश लिए जो रेबीज रोग से पीड़ित थे, उनके संक्रमण वाले भागों को अलग किया और वायरस को क्षीण रूप में प्राप्त किया तब उसने कुछ संक्रमित और कुछ असंक्रमित (स्वस्थ) पशुओं को इस (वायरस) का टीका लगाया। असंक्रमित (स्वस्थ) पशुओं को रेबीज के कीटाणुओं के इन्जेक्शन लगाये परन्तु दोनों मामलों में पशु स्वस्थ रहे और इस भयंकर रोग के कुछ भी चिह्न नहीं दिखाई पड़े। उन्होंने अपने प्रयोगों को केवल पशुओं तक ही सीमित रखा। स्वस्थ मनुष्यों पर इसका परीक्षण करने का वह साहस न कर सका।

परन्तु लुई पाश्चर के जीवन में एक अति उल्लेखनीय घटना हुई। 6 जुलाई, 1885 को एक महिला उनके पास रोती बिलखती आई। उसकी बाहों में उसका पुत्र था जिसको पागल कुत्ते ने काट लिया था। वह बिलख रही थी, ''श्रीमान मेरे पुत्र को बचाइए, परमात्मा के वास्ते मेरे पुत्र की रक्षा कीजिए।'' अत: लुई पाश्चर ने उसकी चिकित्सा करने का निश्चय किया। वे उसे अपने घर के अन्दर ले गये। उसे कई बार टीके लगाये और ध्यानपूर्वक उसकी निगरानी की। कुछ समय बाद लड़का खतरे से बाहर आ गया और स्वाभाविक दशा अनुभव करने लगा।

इस प्रकार, रेबीज से मानव की रक्षा का भी उपाय उन्होंने खोज लिया। इस विशेष घटना से लुई पाश्चर को न केवल अपने देशवासियों से, वरन् सारे संसार के लोगों से बड़ी ख्याति और सम्मान मिला।

वर्ष 1889 में फ्रांस की सरकार ने, रोगियों की चिकित्सा, अन्वेषण और दूसरे प्रयोगों के लिए पेरिस में पाश्चर संस्थान की स्थापना की। भारत में भी पाश्चर संस्थान वैक्सीन तैयार करने और घातक रोगों से मानव–जाति की रक्षा के लिए नए अन्वेषण करने का कार्य करती हैं।

## Exercise

### Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (c), **3.** (c), **4.** (c).

**II. Answer the following questions :**

**1.** In his childhood Louis Pasteur , was frightened to hear about a man bitten by a mad wolf.

**2.** When Louis Pasteur left school, he worked at diffferent problems and began to find out answers and solutions to the questions in his mind. This way, he trained himself as a scientist.

**3.** He discovered that the change in milk, wine or beer is brought about by the presence of certain bacteria.

**4.** Bacteria are very tiny and simple plant–like things. No, we cannot see them with our naked eyes.

**5.** Fresh milk becomes sour after sometime because the number of bacteria increases in it.

**6.** In Pasteurization milk is heated to a temperature of 50°-60°C. Then the milk bottle is covered by an air-tight lid. It helps to keep the milk fresh for a longer time.

**7.** Some bacteria help in making butter, wine, vinegar, in tanning hides and in curing tobacco.

**8.** Viruses are still smaller than bacteria and exist everywhere on the earth.

**9.** Anthrax is animal disease, very common in France.

**10.** Louis Pasteur inoculated a boy who was infected with rabies, several times and observed him carefully. After sometime the boy was cured and became normal. This way, Louis found out a method for treatment of rabies.

**11.** Louis Pasteur was a great scientist. He discovered the process of keeping milk better for a long period. All of us now use pasteurized milk in polythene bags. He discovered the process of inoculation to save mankind from terrible disease, like rabies.

## Language Skill Practice

**III. Match the words given under Column 'A with their meanings given under Column 'B' :**

| **Column 'A'** | **Column 'B'** |
|---|---|
| **1.** Infected | (d) filled with disease germs |
| **2.** Inoculated | (e) impregnated germs of disease |
| **3.** Bacteria | (b) minute organisms |
| **4.** Vaccines | (a) preparation of some virus |
| **5.** Ferment | (c) To stir up by chemical change |

**IV. A. Pick out the adverbs in the following sentences and write :**


**Adverbs : 1.** well, **2.** high, **3.** already, **4.** better, **5.** today.

**B. Fill in the blanks with correct adverbs :**

**1.** bravely, **2.** yesterday, **3.** thrice, **4.** ago, **5.** on.

## Activity Time

**V. Put one letter in each box to solve this crossword puzzle with the given clues :**




# 6. Unity is Strength

### हिन्दी अनुवाद

गर्मियों के एक दिन, कबूतरों का एक झुण्ड एक जंगल के ऊपर आसमान में ऊपर उड़ रहा था। उसी सुबह एक शिकारी ने चावल के कुछ दाने जमीन पर बिखेर दिए थे। उनके ऊपर उसने एक बारीक जाल बिछा दिया। तब वह एक झाड़ी के पीछे छुप गया और प्रतीक्षा करने लगा।

जैसे ही कबूतरों का झुण्ड आगे की ओर बढ़ा, कबूतर राजा ने जमीन पर चावल देखे। उसने अपने अनुगामियों से कहा, ''नीचे देखो। वहाँ हमारे खाने के लिए चावल हैं।'' कबूतरों ने नीचे देखा, और वहाँ उन्हें बरगद के पेड़ के पास जमीन पर बिखरे चमकते हुए सफेद चावल के दाने दिखाई दिए।

कबूतरों के राजा ने कहा, ''क्या हम नीचे उतर जाएँ और वे चावल खा लें?''

एक बुद्धिमान बूढ़े कबूतर ने उत्तर दिया, ''नहीं, यह कोई चावल का खेत नहीं है। यह एक जंगल है। चावल जंगल में नहीं उगते हैं। यहाँ यह चावल के दाने कैसे आए? मुझे डर है कि यह कोई चाल है और हम खतरे में आ सकते हैं। इसलिए हमें वे चावल नहीं खाने चाहिए।'' एक निडर जवान कबूतर ने कहा, ''लेकिन हमें कुछ खाने के लिए चाहिए। मुझे कोई खतरा दिखाई नहीं देता। मैं बहुत भूखा हूँ और उनमें से कुछ चावल खाना चाहता हूँ। वे नीचे पड़े हुए कितने अच्छे लग रहे हैं।'' यह कहते हुए वह नीचे उड़ आया और बाकी कबूतरों ने भी वैसा ही किया। प्रत्येक सबसे पहले चावलों को प्राप्त करने की कोशिश कर रहा था। वे सब जल्दी में एक साथ नीचे आ गए और जमीन पर एक साथ बैठ गए। एक ही समय में वे सब जाल में फँस गए।

शिकारी झाड़ी के पीछे से बाहर आ गया। वह इतने सारे कबूतरों को जाल में फँसे हुए देखकर वह बहुत खुश हुआ। कबूतरों के राजा ने शिकारी को अपनी तरफ आते हुए देखा। अब वह खतरे को भाँप गया। उसने तुरन्त अपने अनुगामियों से कहा, ''मेरे दोस्तो, हम सबको एकसाथ ऊपर उड़ना चाहिए और जाल को भी अपने साथ ले जाना चाहिए। अकेले हम कुछ नहीं कर सकते, लेकिन साथ मिलकर हम यह जाल उठा सकते हैं।'' जैसे ही राजा ने यह कहा, सभी कबूतर एकसाथ हवा में ऊपर उठे और जाल को साथ लेकर उड़ गए।

शिकारी दौड़ता हुआ आया, लेकिन उसने देर कर दी। वह उनके पीछे दौड़ा, यह आशा करते हुए कि जाल और सभी कबूतर जल्दी ही नीचे गिर जाएँगे। कबूतरों ने उसको अपने पीछे दौड़ते हुए देखा। इसलिए वे बहुत तेजी से पहाड़ियों के ऊपर उड़े और बहुत जल्दी ही उन्होंने शिकारी को पीछे छोड़ दिया।

''अब हमें क्या करना चाहिए?'' कबूतरों ने अपने राजा से कहा, ''हमें इस जाल से मुक्त होने को क्या करना चाहिए? हम स्वयं को इससे बाहर नहीं निकाल सकते हैं।'' ''दक्षिण की ओर उड़ो'', उनके राजा ने उत्तर दिया, ''उस बड़े पेड़ की ओर जहाँ हम पिछली रात सोए थे। वहाँ मेरा एक मित्र है, जो हमारी सहायता करेगा। वह चूहों का राजा है। एक बार उसने एक महान शेर को मुक्त किया था। शिकारियों ने उसे मजबूती से बाँध रखा था। चूहे ने अपने तेज पैने दाँतों से मजबूत रस्सियों को टुकड़ों में काट दिया। वह जल्दी ही इस जाल को टुकड़ों में काट देगा। वह पेड़ के नीचे एक बिल में रहता है।''

तब कबूतरों का झुण्ड उस बड़े पेड़ की ओर उड़ा। चूहों का राजा अपने बिल में से बाहर झाँक रहा था। उसने कबूतरों को नीचे उतरते हुए देखा। वह उनके राजा को जानता था और उससे मिलने के लिए दौड़ता हुआ आया।

''क्या मामला है, मेरे दोस्त?'' वह चिल्लाया, ''क्या मैं किसी प्रकार तुम्हारी सहायता कर सकता हूँ?'' ''अफसोस! मेरे प्यारे मित्र'', कबूतरों के राजा ने उत्तर दिया, ''हम इस जाल में

फँस गए हैं और बाहर नहीं आ सकते हैं। जब शिकारी आया, हम सब एकसाथ जाल को साथ लेकर उड़ गए। अब, कृपया हमारी सहायता कर दो जैसे तुमने जंगल के राजा, महान शेर की की थी। तुम अपने तेज धारदार दाँतों से जाल को काट दो और हमें मुक्त कर दो।''

''हाँ बिल्कुल, मैं तुम्हारी सहायता करूँगा'', चूहे-राजा ने कहा।

''विपत्ति के समय एक दोस्त को दूसरे दोस्त की सहायता करनी चाहिए।''

उसने अपना कार्य शुरू किया। अपने तेज धारदार छोटे दाँतों से, उसने जल्दी ही जाल को टुकड़ों में काट दिया। एक-एक करके सारे कबूतर मुक्त हो गए और चूहा जाल के टुकड़ों को अपने बिल में ले गया। ''ये मेरे सोने के लिए एक मुलायम बिस्तर बनाएँगे।'' उसने कहा।

सभी कबूतरों ने चूहे की दयालुता के लिए उसका धन्यवाद दिया। तब वे उड़ गए और उन्होंने निश्चय किया कि वे पुन: कभी-भी जाल में नहीं फँसेंगे।

## Exercise

### Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (b), **3.** (c).

**II. State whether the following statements are True or False :**

**1.** F, **2.** T, **3.** F, **4.** T, **5.** F.

**III. Answer the following questions :**

**1.** The hunter scattered the grains of rice on the ground to trap birds.

**2.** The old pigeon told the king not to fly down and eat the shining white rice in the forest, as it was not the rice field. It was a forest and their might be some trick.

**3.** Flying together and at the same time helped the pigeons to fly up with the net.

**4.** The pigeon king took his flock to the tree where his friend, the mice king, and asked him to help them. He used his sharp little teeth to cut the net.

**5.** The lesson we learn from the story is that we should not get attracted by good looking things an react sensibly. We should help other in their bad times and there is great power in working with unity.

### Language Skill Practice

**IV. Make words from the given jumbled letters :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| hsrap | **sharp** | lfti | **lift** | fsta | **fast** |
| pgoien | **pigeon** | fsot | **soft** | flwor | **flower** |
| srpaed | **spread** | tirck | **trick** | | |

**V. Add first two letters to the following words :**

**1. sc**attered **2. hu**ngry **3. pi**geons **4. gr**ound **5. af**raid **6. fr**iend **7. f**orest **8. s**trength

**VI. Match the words given under Column 'A with their opposites given under Column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Bold | (d) **coward** |
| **2.** Young | (e) **old** |
| **3.** Glad | (b) **sad** |
| **4.** Fast | (f) **slow** |
| **5.** Late | (h) **early** |
| **6.** Friend | (g) **enemy** |
| **7.** Kill | (a) **save** |
| **8.** Behind | (c) **in front of** |

## Activity Time

**VII. Fill in the blanks with the words/phrases given below :**

One evening a large owl **was flying** across a **desert** with a flock of his **followers**. He **saw** a building. He **stopped** there. He **thought** he would rest there for some time. He **flew** through the door and slept on the bed in the room.The **servant** of the house saw him. He at once **made up** his **mind** to kill the owl. He lifted a stick and **tried** to hit the bird. The owl flew up and could not be **killed**.

# 7. A Dream of War and Peace

### हिन्दी अनुवाद

यद्यपि मैं कोई कवि नहीं हूँ, तथापि मैं कभी-कभी स्वप्न देखता हूँ; मैंने स्वप्न देखा कि मैं बच्चों की एक पार्टी में गया हूँ जहाँ एक समझदार एवं दयालु व्यक्ति (यजमान) ने बच्चों के लिए मनोरंजन के सभी साधन जुटाए थे। एक सुन्दर मकान था जिसके चारों ओर सुन्दर बाग थे और बच्चे कमरों तथा बागों में अपना समय (अपराह्न) आनन्दपूर्वक बिताने के लिए स्वतन्त्र छोड़ दिये गये थे। वे वास्तव में अधिक नहीं जानते थे कि अगले दिन क्या होने वाला है; और मैंने विचार किया कि उनमें से कुछ तनिक भयभीत थे ऐसा हो सकता था कि वे एक ऐसे नए विद्यालय में भेज दिये जाएँ जहाँ परीक्षाएँ होती थीं; परन्तु उन्होंने इन विचारों को अपने मन में नहीं आने दिया और वे भरपूर आनन्द लेने का निश्चय कर चुके थे। जैसा मैंने बताया, यह मकान एक सुन्दर बाग में था और बाग में सभी प्रकार के पुष्प थे; आराम करने के लिए मधुर घास के ढालू स्थान थे; खेलने के लिए समतल मैदान; आकर्षक जल-स्रोत और वन; और आरोहण के लिए चट्टानें। बच्चे भी कुछ देर के लिए प्रसन्न थे, परन्तु शीघ्र ही वे अलग-अलग दलों में बँट गए; और तब प्रत्येक दल ने कहा कि बाग का एक भाग उसका अपना है और किसी अन्य को उसके भाग में कुछ नहीं करने दिया जाएगा। उसके पश्चात वे सभी लड़ने-झगड़ने लगे कि कौन-सा भाग किसे मिले; और आखिरकार जैसे लड़कों को संभवत: करना चाहिए, उन्होंने वह किया। वे फूलों की क्यारियों में तब तक लड़े जब तक वहाँ एक भी फूल न बचा; और उन्होंने एक-दूसरे के बगीचे को गुस्से से कुचल डाला; और लड़कियाँ

चिल्लाती रहीं जब तक वे थक न गईं; इस प्रकार, वे सभी उस नष्ट बगीचे में साँस फूले हुए लेट गये और सायंकाल का इन्तजार करने लगे जब उन्हें अपने घर जाना था।

इसी समय, घर में जो बच्चे थे, वे अपने ढंग से खुशी मना रहे थे। उनके लिए घर में ही प्रत्येक प्रकार का मनोरंजन उपलब्ध कराया गया था; नृत्य करने के लिए संगीत था; पुस्तकालय खुला था जहाँ सभी प्रकार की रोचक पुस्तकें थीं; अत्यधिक अद्भुत सीपियों व पशु-पक्षियों से परिपूर्ण संग्रहालय था; होशियार बालकों के लिए सभी प्रकार के उपकरणों सहित कार्यशाला थी, बालिकाओं के पहनने के लिए सुन्दर परिधान थे तथा सूक्ष्मदर्शी यंत्र थे और जो भी कुछ एक बच्चा कल्पना कर सकता है वे सभी खिलौने थे; और भोजन-कक्ष में सभी स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों से लदी एक मेज थी।

परन्तु इसी बीच में, दो अथवा तीन कार्यकुशल बच्चों ने सोचा कि कुर्सियों में जड़ी हुई पीतल की कीलों में से कुछ को निकाल लिया जाए; और इस प्रकार वे उन्हें निकालने में जुट गये। साथ ही जो पढ़ या सीपियाँ देख रहे थे उन्होंने भी वैसा ही किया और थोड़ी देर में ही लगभग सभी बच्चे पीतल की कीलों को निकालने में अपनी उँगलियों को भी कष्ट देने लगे। जितनी कीलें वे निकाल सके उनसे उनका जी नहीं भरा और तब प्रत्येक ने दूसरे की कीलों को लेना चाहा और अन्त में यह हुआ कि जो वास्तव में कार्यकुशल एवं समझदार बच्चे थे, वे कहने लगे कि आज इस समय (अपराह्न में) इतना महत्त्वपूर्ण कुछ भी नहीं है जितना ढेर सारी पीतल की कीलों को प्राप्त करना। पुस्तकों, केकों तथा सूक्ष्मदर्शी यन्त्रों का केवल इतना ही उपयोग है कि उनके बदले पीतल की कीलें प्राप्त कर ली जाएँ। फिर परिणाम यह हुआ कि वे कीलों के लिए लड़ने लगे जैसे दूसरे बगीचे के भागों के लिए लड़े थे। केवल कहीं-कहीं कोई तिरस्कृत बच्चा शान्त होकर किसी कोने में चला गया और उस शोरगुल के बीच ही किसी पुस्तक से कुछ शान्ति पाने का प्रयास करने लगा, परन्तु सभी कार्यकुशल बच्चों ने इस समय कीलों को गिनने के अलावा कुछ नहीं सोचा, यद्यपि वे जानते थे कि उन्हें अपने साथ एक भी पीतल की कील नहीं ले जाने दी जाएगी। परन्तु फिर भी—''किसके पास सबसे अधिक कीलें हैं?'' ''मेरे पास सौ हैं और तुम पर केवल पचास ''अथवा मेरे पास हजार हैं'' और तुम्हारे पास दो हजार। मैं भी इस स्थान से जाने से पूर्व तुम्हारे बराबर (कीलें) लेकर मानूँगा अन्यथा मैं शांति से घर नहीं जा सकता।'' आखिरकार उन्होंने इतना शोर मचाया है कि मैं जाग गया और सोचने लगा, 'बच्चों के सम्बन्ध में मैंने कैसा असत्य स्वप्न देखा! बच्चा तो मनुष्य का जनक है, अधिक बुद्धिशील है। बच्चे ऐसे मूर्खतापूर्ण कार्य कभी नहीं करते। केवल मनुष्य ही ऐसा करते हैं।'

# Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (a), **2.** (b), **3.** (b).

**II. Fill in the blanks with the words given below :**

**1.** toys, **2.** recreation, **3.** flowers, **4.** dishes, **5.** interesting, **6.** determined, **7.** hosts, **8.** workshop.

**III. State whether the following statements are True or False :**

**1.** T, **2.** T, **3.** T, **4.** F, **5.** F.

**IV. Answer the following questions :**

**1.** John Ruskin dreamed that he was at a children's party in which children had all means of entertainment.

**2.** Some of the little children were frightened because there was a chance of being sent to a new school where there were examinations.

**3.** When the children separated themselves into parties, they decided that they would have a piece of the garden and others would not be allowed there.

**4.** The quarrel among the children was to select the piece of garden of their choice.

**5.** When the children fought for the piece of garden of their choice in the flower-beds, then garden was ruined.

**6.** The children inside the house were enjoying music, books, different types of toys and everything nice to eat.

**7.** The children inside the house began to fight for brass-headed nails that studded the chairs.

**8.** The competition among the practical children inside the house was to have nails more than the others.

**9.** The garden around the house was beautiful and it had all kinds of flowers, grassy banks, smooth lawns, streams and woods, and rocky places for climbing. The children could rest in grassy places and play in lawns.

**10.** The means of entertainment inside the house were music, library, museum, workshop, microscopes, toys and pretty dresses for girls and all delicious dishes to eat.

## Language Skill Practice

**V. Answer the following questions :**

**1.** I will go to school by bus. **2.** Yes, this road leads to Pune. **3.** No, I am not sleeping. **4.** No, this donkey cannot carry this load. **5.** Our teacher, Shri Kamal Kant, will teach us History.

**VI. Write questions for these answers :**


**1.** Has Virat anything to say? **2.** Who has prepared tea for me? **3.** Have you sold your cow? **4.** Did he attend the class yesterday? **5.** Is this young lady clever?

**VII. Change the following sentences as directed :**

**1.** You will play a match with us. **2.** Does he learn his lesson daily? **3.** These children play with toys. **4.** Eat green vegetables. **5.** What a foolish young man you are!

## Activity Time

**IX. Use the clues given below to complete the crossword puzzle :**




# 8. How Do The Innuits Live

**हिन्दी अनुवाद**

अलास्का, कनाडा और ग्रीनलैण्ड जैसे बहुत ठण्डे इलाकों में रहने वाले लोग इन्यूइट कहलाते हैं। यह क्षेत्र वर्ष में नौ महीने बर्फ की मोटी चादर से ढके रहते हैं। कुछ बर्फ छोटी ग्रीष्म ऋतु के दौरान पिघलती है।

इन्युइटों का जीवन कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण बहुत मुश्किल और संघर्षपूर्ण होता है। 'इन्युइट' शब्द का अर्थ 'कच्चे मांस को खाने वाला' होता है। मांस और मछली उनके मुख्य भोज्य पदार्थ हैं।

छोटी ग्रीष्म ऋतु के दौरान इन्यूइट खालों के बने तम्बुओं में रहते हैं लेकिन लम्बी सर्दी के महीनों में वे बर्फ के टुकड़ों से बने घरों में रहते हैं। ये बर्फ के टुकड़ों को काटते हैं और गुम्बद के आकार का घर बनाने के लिए उन्हें कसकर जमा देते हैं। यह घर ''इग्लू'' कहलाता है। अन्दर से, यह गर्म होता है क्योंकि बर्फीली हवा इन घरों में प्रवेश नहीं कर पाती है। वे घर में गर्मी और प्रकाश के लिए एक डिबिया जलाते हैं जिसमें वे सील और ह्वेल की चर्बी का उपयोग करते हैं। छत के बीचों-बीच धुएँ को बाहर निकालने के लिए वे एक छेद बनाते हैं। भीतर जाने का रास्ता तंग होता है और प्रवेश करने के लिए रेंग कर जाना पड़ता है। मछली पकड़ना और शिकार करना उनके मुख्य व्यवसाय हैं। उनका शिकार का मुख्य हथियार हार्पून (ह्वेल मछली पकड़ने का भाला) है। यह एक प्रकार का भाला होता है जिसके साथ एक लम्बी चमड़े की रस्सी लगी होती है। इसकी नुकीली नोंक पत्थर या जानवर की हड्डी की बनी होती है। इन्यूइट

जानवरों की खालों और मुलायम महीन बालों से वस्त्र बनाते हैं। ये कपड़े उनकी अत्यधिक ठण्ड से रक्षा करते हैं। वे सील की खालों से बने पैंट और जूते पहनते हैं। वे खाल और मुलायम महीन बालों से बनी जैकेट भी पहनते हैं। उनकी जैकेटों में कनटोप होते हैं, जोकि ओढ़ने पर सिर और चेहरे को ढक सकते हैं। इन्हें पर्का कहते हैं। मछली पकड़ने के लिए उपयोग होने वाली उनकी पारम्परिक नावें कयाक कहलाती हैं। बिना पहियों वाली बर्फ पर चलने वाली स्लेज भूमि यातायात का सबसे लोकप्रिय साधन है। यह एक बिना पहियों वाली गाड़ी है। यह कुत्तों या रेनडियर (हिरण जैसा) द्वारा खींची जाती है।

रेनडियर इन्युइट के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण जानवर है, क्योंकि गाड़ी खींचने के अतिरिक्त यह दूध, मांस और खाल प्रदान करता है।

इन्युइटों का जीवन बहुत कठिन होता है, लेकिन वर्तमान में, यातायात के विकसित साधनों ने इन्हें बाहरी संसार के सम्पर्क में ला दिया है। अब उनमें से कुछ शिकार के लिए राइफल का उपयोग करते हैं और मछलियाँ पकड़ने और लाने-लेजाने के लिए मोटर-नावों और मोटरगाड़ियों का उपयोग करते हैं। वे डिब्बाबन्द मछली और फर का निर्यात करते हैं और विभिन्न प्रकार की आधुनिक प्रतिदिन उपयोग होने वाली वस्तुओं को खरीदते हैं। उनके बच्चे भी अब विद्यालय जाने लगे हैं। कस्बों में लोग लकड़ी और अन्य चीजों से बने घरों में रहते हैं। बिजली भी कुछ क्षेत्रों में उपलब्ध की गयी है।

## Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (a), **2.** (c), **3.** (a).

**II. Fill in the blanks with the words given below :**

**1.** Reindeer, **2.** Greenland, **3.** harpoon, **4.** animal's skin.

**III. State whether the following statements are True or False :**

**1.** F, **2.** T, **3.** F,**4.** T, **5.** T.

**IV. Answer the following questions :**

**1.** Innuits live in very cold regions of Greenland.
**2.** Fishing and hunting are the main occupations of Innuits.
**3.** Innuits use animal skins and fur to make their clothes.
**4.** Their winter house is called Igloo. It is made by cutting blocks of ice and fixing them tightly to make a dome shaped house.
**5.** Reindeer is the most important animal for Innuits because besides pulling sledges, it provides them milk, meat and skin.

## Language Skill Practice

**V. Correct the spellings :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| spaer | **spear** | enveronmantel | **environmental** |
| atmosfere | **atmosphere** | entrence | **entrance** |
| protact | **protect** | craul | **crawl** |

**VI. Match the words given under Column 'A' with their meanings given under Column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Harsh | (c) **hard** |
| **2.** Fur | (d) **a kind of soft wool** |
| **3.** Pulled | (e) **drawn** |
| **4.** Atmosphere | (f) **the envelope of air surrounding the earth** |
| **5.** Attached | (b) **fixed** |
| **6.** Marrow | (a) **tight** |

## Activity Time

**VII. Now, combine the following pairs of sentences as shown in the example :**

**1.** We heard the women singing together at their work.
**2.** We saw a man running away with the umbrella.
**3.** I saw four children in the children's ward suffering from polio.
**4.** Look at those men spraying the banana trees with an insecticide.
**5.** I saw some boys playing football.
**6.** I saw several vaccinators vaccinating the children.

# 9. Like Columbus

**हिन्दी अनुवाद**

कोलम्बस बोला, "पृथ्वी गोल है।
समुद्र के आर-पार मैं जाऊँगा।
यद्यपि कुछ कहते हैं पृथ्वी चपटी है,
मैं यह सिद्ध करूँगा कि ऐसा नहीं है।"

कोलम्बस ने सागर को पार किया।
जब उसके नाविक चिल्लाए, "वापस मुड़ो!"
उसने उनकी विनतियाँ नहीं सुनी,
मगर आगे बढ़ता रहा।

तब जब कोलम्बस ने भूमि देखी,
उनकी चीखें और डर जा चुका था।
मैं आशा करता हूँ कि मैं भी ऐसा ही बहादुर बनूँगा
जैसा वह था, और "आगे बढ़ो!"

**—इलेनर डेनिस**

**कविता का मूल-विषय**—क्रिस्टोफर कोलम्बस 'पृथ्वी गोल है', कथन को सही साबित करने के लिए समुद्री यात्रा पर गया। जब लम्बी समुद्री यात्रा के बाद भी साथी नाविकों ने जमीन नहीं देखी तो उन्होंने उससे वापस लौटने के लिए कहा लेकिन उसने यात्रा जारी रखी

और आखिरकार उन्होंने जमीन देखी और बहुत खुश हुए। कवि कोलम्बस के समान साहसी बनने की कामना भी करता है।

# Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (a), **3.** (c).

**II. Fill in the blanks with the words used in the poem :**

**1.** sailors', **2.** Columbus, **3.** track, **4.** across.

**III. Answer the following questions :**

**1.** Columbus was a brave sailor. He wanted to prove that the eartth is round in shape.

**2.** His sailors cried to turn back as they could not sight land and so, were afraid of dying.

**3.** Columbus kept the onward track as he was brave and wanted to prove that the earth was round.

**4.** The cries and fears of sailors were gone as they had sighted land and so, were happy.

## Language Skill Practice

**IV. Correct the spellings :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| osean | **ocean** | althuogh | **although** |
| trake | **track** | lisen | **listen** |
| sailer | **sailor** | flet | **flat** |
| seghted | **sighted** | plaes | **pleas** |

**V. Match the words in given under Column list 'A' with the words given under Column list 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Sound | (d) **round** |
| **2.** So | (e) **go** |
| **3.** Pleas | (f) **bees** |
| **4.** Grave | (c) **brave** |
| **5.** Pail | (b) **sail** |
| **6.** Sand | (a) **land** |

## Activity Time

**VI. Fill in the blanks with the words used in the poem and complete the paragraph :**

Columbus was a brave **sailor.** He went **across** the Atlantic Ocean to prove that the earth is **round.** He sailed and sailed, but couldn't sight the **land.** His fellow sailors asked him to **return** back, but he didn't listen to their **please.** At last, he sighted the land. The sailors' **cries** and **fears** were gone.

# 10. The School Reopens

**हिन्दी अनुवाद**

*आलिया कक्षा छः की छात्रा है। वह एक बुद्धिमान लड़की है। वह कक्षा पाँच में प्रथम आई थी। वह गर्मियों के लम्बे अवकाश के बाद विद्यालय आती है और अपने कक्षा अध्यापक से मिलती है।*

आलिया : नमस्ते, सर।

कक्षा अध्यापक : नमस्ते, आलिया। तुम कैसी हो?

आलिया : बढ़िया, सर। धन्यवाद।

कक्षा अध्यापक : तुम गर्मियों के अवकाश में कहाँ गयी थीं?

आलिया : सर, मैं अपने चाचा जी के गाँव गयी थी। वह एक किसान हैं। वे मुझे अपने साथ अपने खेतों पर ले गए थे और मुझे वहाँ पर उगी हुई फसलें दिखाईं। वहाँ हवा बहुत स्वच्छ थी। हमारे यहाँ शहर में उतनी स्वच्छ हवा नहीं है।

मेरे चाचा जी के पास कुछ गाय हैं। मुझे वहाँ ताजा दूध मिलता था। वह बहुत स्वादिष्ट था। मेरे चाचा जी के पास आम का एक बाग है। मैंने बहुत अधिक मात्रा में आम खाए। मैं अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ खेलती थी। मैं बहुत खुश थी। मैंने छुट्टियों का भरपूर आनंद लिया।

*(रोहन प्रवेश करता है।)*

**रोहन :** नमस्ते, सर, क्या मैं अन्दर आ सकता हूँ?

**कक्षा अध्यापक :** नमस्ते, रोहन। कृपया आ जाओ। तुम गर्मियों के अवकाश में कहाँ गए थे?

**रोहन :** सर, यहाँ मैदानों में बहुत गर्मी है। मैं अपने माता-पिता के साथ मसूरी गया था। यह एक बहुत सुन्दर पर्वतीय नगर है। इसे 'पहाड़ियों की रानी' कहा जाता है। हम वहाँ लगभग एक महीने ठहरे। मौसम बहुत सुहावना था।

**कक्षा अध्यापक :** क्या तुमने वहाँ कुछ फोटोग्राफ लिए?

**रोहन :** जी हाँ, सर, हमने लिए। फोटोग्राफ छपने के लिए लैब गए हुए हैं।

**कक्षा अध्यापक :** जब तुम मसूरी से देहरादून नीचे आए तो तुम्हें कैसा महसूस हुआ?

**रोहन :** सर, वह बहुत गर्म था। हवा स्वच्छ नहीं थी। क्योंकि ठण्डी हवा नहीं बह रही थी।

**कक्षा अध्यापक :** क्या तुम जानते हो कि मसूरी देहरादून से अधिक ठण्डा क्यों है?

**रोहन :** जी हाँ, सर, हमारे भूगोल के अध्यापक ने बताया था कि जैसे हम ऊपर-और-ऊपर जाते हैं, वायु हल्की होती जाती है।

**कक्षा अध्यापक :** तुम बहुत बुद्धिमान हो, रोहन।

**रोहन :** धन्यवाद, सर।

*(एक दूसरा लड़का, अमन, कमरे में प्रवेश करता है)*

**अमन :** नमस्ते, सर।

**कक्षा अध्यापक :** नमस्ते, अमन। तुमने अपना गर्मियों का अवकाश कैसे व्यतीत किया?

**अमन :** मैंने अपना गर्मियों का अवकाश अपनी दादी के घर व्यतीत किया। वे मुम्बई में रहती हैं।

**कक्षा अध्यापक :** मुम्बई एक बहुत बड़ा शहर है। यह भारत की आर्थिक राजधानी है।

**अमन :** जी हाँ, सर, मुम्बई में बहुत ऊँची इमारतें हैं। यह अरबसागर के तट पर स्थित है। मैंने जहाजों को तट पर चलते हुए देखा।

**कक्षा अध्यापक :** हाँ, मुंबई को 'फिल्म सिटी' भी कहते हैं।

*(घण्टी बजती है और सभी लड़के-लड़कियाँ प्रभात सभा के लिए चले जाते हैं।)*

# Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (a), **2.** (a), **3.** (c).

**II. Fill in the blanks with the words given below :**

**1.** Queen of Hills, **2.** cooler, **3.** hotter, **4.** city, **5.** thinner.

**III. Answer the following questions :**

**1.** In the summer vacations, Aalia went to her uncle's vllage.

**2.** In the village, Aalia visited her uncle's fields, saw the crops growing there, had cow's milk, ate mangoes and played with her cousins.

**3.** During summer vacations, Rohan went to Mussoorie with his parents.

**4.** Mussoorie is colder than Dehradun because as one goes higher and higher, the air becomes thinner and thinner.

**5.** In Mumbai Aman saw tall buildings, Arabian Sea and ships sailing which was very exciting for him.

## Language Skill Practice

**IV. Correct the spellings :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| vacateon | **vacation** | weather | **weather** | perents | **parents** |
| frash | **fresh** | vallage | **village** | entar | **enter** |

**V. Complete the spellings :**

| | | |
|---|---|---|
| garden | feel | cousion |
| uncle | field | mountain |

**VI. Match the words given under Column 'A' with their opposites given in Column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Uncle | (c) **Aunt** |
| **2.** Fresh | (e) **Stale** |
| **3.** Beautiful | (d) **Ugly** |
| **4.** Clean | (a) **Dirty** |
| **5.** Friend | (b) **Enemy** |

# 11. Rules of the Road

## हिन्दी अनुवाद

*(रोहित शहर में रहता है और उसका मित्र विनय गाँव में रहता है। विनय शहर आता है। रोहित उसे शहर घुमा रहा है।)*

**रोहित :** तुम्हारा गाँव यहाँ से कितनी दूर है?

**विनय :** वह बहुत दूर नहीं है। वह तुम्हारे चचेरे भाई शिवम के गाँव के पास है।

**रोहित :** क्या तुम पहले कभी शहर आए थे?

**विनय :** नहीं, मैं नहीं आया। मैं कल पहली बार शहर आया हूँ। नई दिल्ली बहुत बड़ा शहर है। क्या ऐसा नहीं है?

**रोहित :** हाँ, यह बहुत बड़ा शहर है। यहाँ सड़कों और गलियों पर सदा भीड़ रहती है।

**विनय :** मैं हर जगह बहुत सारे लोगों को देखता हूँ। यहाँ बहुत सारी कारें, बसें और रिक्शे हैं। मेरे गाँव में लोग बैलगाड़ी और साइकिल से जाते हैं। वे पैदल भी जाते हैं। हमें वहाँ बहुत भीड़ नहीं मिलती है।

**रोहित :** हाँ, यहाँ लोग विभिन्न प्रकार की गाड़ियों का उपयोग करते हैं। यहाँ हमेशा सड़क पर भारी यातायात रहता है। सिपाही चौराहे पर यातायात नियन्त्रित करता है। यहाँ हमेशा बसों, ट्रकों, कारों, मोटरसाइकिलों, स्कूटरों, रिक्शों और साइकिलों की एक लम्बी पंक्ति होती है। हम सदा सावधान रहते हैं और यातायात के नियमों का पालन करते हैं।

**विनय :** ये यातायात के नियम क्या हैं?

**रोहित :** यातायात के नियम हमें दुर्घटनाओं से बचाते हैं। ये बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। हमेशा बाईं ओर चलें। भीड़ वाली सड़क पर अधिक तेज न चलें। गाड़ी चलाने से पहले ब्रेक की जाँच कर लें। चौराहों पर यातायात बत्ती और दूसरे सिगनलों को देखो। वे तीन बत्ती होती हैं : लाल, पीली और हरी। लाल का अर्थ है रूको, पीली का अर्थ है तैयार हो जाओ और हरी का अर्थ है जाओ।

*(विनय और रोहित अब एक दूसरे चौराहे पर आ जाते हैं। एक सिपाही यातायात नियन्त्रित कर रहा है।)*

**विनय :** देखो, वर्दी में वह व्यक्ति क्या कर रहा है?

**रोहित :** वह यातायात सिपाही है। वह यातायात को नियन्त्रित करता है। वह अपने हाथ से संकेत देता है। वह एक समय में एक ओर के यातायात को जाने देता है और दूसरी ओर के यातायात को रोकता है। इस प्रकार वह हमें दुर्घटनाओं से बचाता है।

**विनय :** चलो अब हम पार करते हैं। सिपाही संकेत दे रहा है।

**रोहित :** हाँ, हमें चलना चाहिए।

**विनय :** हमें सावधानी बरतनी चाहिए।

**रोहित :** यहाँ पैदल चलने वालों के लिए भी नियम हैं। कभी–कभी जल्दी में सड़क पार न करें। दाएँ देखो, फिर बाएँ और दोबारा दाएँ, और फिर पार करो। जल्दी में पार करना खतरनाक होता है। सड़क दुर्घटनाओं में विश्व में भारत का स्थान पहला है। सड़क सदा उसी जगह से पार करें जो उसके लिए निश्चित है।

**विनय :** अब मैं यातायात के नियमों को जान गया हूँ और उनका पालन करूँगा।

**रोहित :** बहुत अच्छा।

**विनय :** अब हमें घर चलना चाहिए। कल हम शहर के कुछ अन्य भागों को देखेंगे।

## Exercise

### Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (a), **3.** (c).

**II. Complete the rules of the road given below :**

**1.** the traffic lights or other signals. **2.** to the left. **3.** on a crowded road. **4.** brakes before you start.

**III. Write what the following signals tell you to do :**

**1.** STOP, **2.** GET READY, **3.** GO.

**IV. Answer the following questions :**

**1.** In big cities, we see so many cars, buses and rickshaws. There are also trucks, motor-cycles, scooters and bicycles on the roads.

**2.** Village people go on bullock-carts and bicycles from one place to another. They also go on foot.

**3.** The rules of the road save us from accidents.

**4.** We should follow the traffic rules to avoid accidents. We must always keep to the left. We shouldn't go very fast on a crowded road and check our brakes before we start we should watch the traffic-lights or other signals at the crossings.

**5.** Policeman save us from accidents by controlling the traffic. He gives signals with his hands and allows the traffic of one side to go at a time and stops the traffic of the other side.

### Language Skill Practice

**V. Correct the spellings :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| akcident | **accident** | vellage | **village** |
| trafic | **traffic** | alvays | **always** |
| peuple | **people** | chack | **check** |
| pieceful | **peaceful** | wach | **watch** |

**VI. Match the words given under Column 'A' with their meanings given under Column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Very far | (e) **at a great distance** |
| **2.** Many people gathered together | (c) **crowd** |
| **3.** Signal | (d) **sign** |
| **4.** Watch | (b) **check** |
| **5.** Vehicles moving on the road | (a) **traffic** |

## Activity Time

**VII. Select words from the list given below and put under suitable heads :**

| **'Cities'** | **'Villages'** |
|---|---|
| cars | bullock-carts |
| long lines of buses | people on foot |
| trucks | no crowd |
| heavy traffic, bicycles | a peaceful atmosphere |
| a lot of people everywhere | less noise |
| a big crowd | bicycles |
| traffic-light | |

# 12. Sohrab and Rustam

### हिन्दी अनुवाद

आज रोहन की कक्षा में अंग्रेजी कहानी सुनाने का दिन है। रोहन एक कहानी-वाचक है।

**अध्यापक :** रोहन, क्या आप आज कक्षा को एक कहानी सुनाऐंगे?

**रोहन :** जी सर, मैं सुनाऊँगा। यह पुराने समय के एक महान् योद्धा की कहानी है। क्या मैं शुरू करूँ?

**अध्यापक :** हाँ, कृपया शुरू करें।

तब रोहन ने कक्षा को यह कहानी सुनाई—

रुस्तम एक महान् ईरानी योद्धा था। उसने तहमीना नामक एक सुन्दर राजकुमारी से शादी की तथा उसके साथ उसके पिता के महल में रहता था। वे खुशी से साथ रहते थे।

रुस्तम अक्सर युद्ध लड़ने जाया करता था। एक दिन उसने ईरान जाने के लिए घर छोड़ा। उसने अपनी पत्नी को एक मुहर दी। उसने उससे कहा, ''इस मुहर को बेटे को पहना देना जब वह जन्मे।''

कुछ महीनों बाद तहमीना के एक बेटा हुआ। लेकिन तहमीना ने अपने पति को लिखा, ''यह एक पुत्री है और पुत्र नहीं है।'' रुस्तम ने समाचार सुना लेकिन वह खुश नहीं था। उसे एक पुत्र चाहिए था। तहमीना ने बच्चे का नाम सोहराब रखा और मुहर उसे पहना दी। बच्चा बड़ा हो गया। वह आकर्षक और शक्तिशाली था। उसने तहमीना से पूछा, ''माँ, मेरे पिता कौन हैं?''

उसने कहा, ''बेटा, रुस्तम तुम्हारे पिता हैं। वह एक महान् योद्धा हैं। कुछ वर्ष तक वे मेरे साथ थे किन्तु अब वह ईरान में हैं।'' सोहराब बहुत खुश था। वह अपने पिता पर गर्व करता था।

सोहराब तारतारों की सेना में सम्मिलित हो गया। तारतार ईरानियों के शत्रु थे। ईरानी और तारतार एक-दूसरे के दुश्मन थे। चूँकि सोहराब तारतार के साथ था, वह उनकी ओर से लड़ा। उन्होंने अपने तम्बू अमु दरिया के तट पर गाड़े। ईरानी सेना भी नदी के दूसरे किनारे पर एकत्रित थी। सोहराब ने ईरानी सेनापति से कहा, ''तुम्हारी सेना का सबसे बहादुर योद्धा कौन है? मैं उसके साथ युद्ध (द्वन्द्व) करूँगा।''

रुस्तम ईरानी सेना का सबसे बहादुर योद्धा था, लेकिन अब वह बूढ़ा हो गया था। शुरू में तो वह एक युवा व्यक्ति के साथ युद्ध नहीं करना चाहता था, लेकिन बाद में उसने चुनौती स्वीकार कर ली।

दोनों योद्धा आमने-सामने खड़े थे। सोहराब ने रुस्तम को देखा। वह यह नहीं जानता था कि वह उसके पिता थे। रुस्तम भी नहीं जानता था कि सोहराब उसका बेटा था। सोहराब ने रुस्तम से कहा, ''तुम कौन हो? क्या तुम रुस्तम हो?'' लेकिन रुस्तम ने अपना नाम नहीं बताया। एक भयानक लड़ाई शुरू हो गयी। सोहराब ने अपने पिता को कई बार नीचे गिराया।

इससे रुस्तम बहुत गुस्से में आ गया। वह अपने आप पर चिल्लाया, ''रुस्तम तुम्हें क्या हो गया है?'' सोहराब ने अपने पिता का नाम सुना और उसके हाथों से उसका भाला और ढाल गिर गए। तुरन्त रुस्तम ने अपना भाला उसके शरीर में घुसा दिया। सोहराब धरती पर नीचे गिर गया। उसने ईरानी योद्धा से कहा, ''मैं सोहराब हूँ। मैं रुस्तम का बेटा हूँ। इस मुहर को देखो। यह मेरे पिता की मुहर है। वह निश्चित ही तुमसे बदला लेंगे।''

रुस्तम नि:स्तब्ध हो गया, यह तो उसका स्वयं का पुत्र था। वह दु:ख से लगभग पागल हो गया। वह चिल्लाया, ''हे भगवान! यह मैंने क्या कर दिया? मैंने स्वयं अपने पुत्र की हत्या कर दी।'' उसने सोहराब से कहा, ''मैं रुस्तम हूँ, तुम्हारा अभागा पिता।''

दोनों ओर की सेनाएँ शान्त खड़ी थीं। सिपाहियों की आँखें आँसुओं से नम थीं।

## Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (a), **3.** (c).

**II. Fill in the blanks with the following words :**

**1.** revenge, **2.** warrior, **3.** proud, **4.** bravely, **5.** stood.

**III. Answer the following questions :**

**1.** Rustam was the bravest warrior in the Persian army.

**2.** Rustam gave a seal to his wife so that it could be put on the arm of the baby son, when he was born.

**3.** Tahmina did not tell Rustam that the child was a son because if he knew the truth, Rustam would make his son follow his footsteps and take him away. She did not want to lose her son.

**4.** Sohrab told the Rustam his and his father's name. He further said that his father will certainly take revenge upon him.

**5.** When Rustam came to know that the young man he had killed was his own son, he went mad with grief.

## Language Skill Practice

**IV. Match the words given under Column 'A' with their opposites given Column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Weak | (c) **strong** |
| **2.** Begin | (a) **end** |
| **3.** Happy | (b) **sad** |
| **4.** Handsome | (e) **ugly** |
| **5.** Fall | (d) **rise** |

## Activity Time

**V. Complete the story with the words given below :**

Rani Laxmi Bai was a great **warrior.** She fought very **bravely** with the British soldiers. She **knocked** down many of them. The British soldiers were **surprised** to see the **courage** of Rani Laxmi Bai. She was fighting with a sword and a **shield.** Suddenly her horse **stumbled,** she fell down and was surrounded by British.

# 13. A Birthday Letter

**हिन्दी अनुवाद**

केन्द्रीय कारागृह, नैनी
26 अक्टूबर, 1930

अपने जन्मदिन के अवसर पर उपहार एवं शुभकामनाएँ पाने का तुम्हारी आदत रही है। शुभकामनाएँ तो तुम्हें भरपूर मात्रा में अब भी मिलेंगी, परन्तु नैनी जेल से मैं तुम्हें क्या उपहार भेज सकता हूँ? मेरे उपहार कोई सामग्री अथवा ठोस नहीं हो सकते। वे केवल वायु और मन व आत्मा के हो सकते हैं; ऐसी वस्तुएँ जो एक परी तुम पर न्योछावर कर सके—वस्तुएँ जिन्हें जेल की ऊँची दीवारें भी न रोक पायें।

प्रिय, तुम जानती हो कि उपदेश देना और अच्छी सलाह देना मुझे बहुत नापसन्द है। जब मुझे ऐसा करने को मन ललचाता है, तो मुझे सदैव 'एक अति बुद्धिमान मनुष्य' की एक कहानी याद आ जाती है, जो मैंने एक बार पढ़ी थी। संभवत: तुम किसी दिन उस पुस्तक को स्वयं पढ़ लोगी जिसमें यह कहानी है।

तेरह सौ वर्ष पूर्व, चीन से एक महान् यात्री बुद्धिमत्ता और ज्ञान की खोज में भारत आया। उसका नाम ह्वेनसांग था तथा वह उत्तर दिशा के मरुस्थलों और पर्वतों को पार करता हुआ आया, अनेक खतरों को झेलता हुआ, अनेक बाधाओं को सहता और पार करता हुआ क्योंकि उसकी ज्ञान की पिपासा इतनी अधिक थी; और उसने स्वयं ज्ञान प्राप्त करने में तथा दूसरों को ज्ञान देने में भारत में अनेक वर्ष बिताये, विशेष रूप से नालन्दा के महान् विश्वविद्यालय में, जो उन दिनों पाटलिपुत्र नामक नगर और जिसे अब पटना कहते है के निकट स्थित था। ह्वेनसांग स्वयं बहुत ज्ञानी हो गया और उसे बुद्ध के कानून के 'विधिवेत्ता' की पदवी दी गई; उसने पूरे भारत की यात्रा की तथा उस प्राचीन काल में जो लोग इस महान् देश में रहते थे, उन्हें देखा और उनका अध्ययन किया। बाद में, उसने अपनी यात्राओं की एक पुस्तक लिखी और यह वही पुस्तक है जिसमें वह कहानी है जो मेरे मन में आती है।

यह कहानी दक्षिण भारत के एक व्यक्ति के बारे में है जो कर्णसुवर्ण नामक नगर में आया, जो बिहार में, आज के भागलपुर के निकट था। ऐसा लिखा है कि वह व्यक्ति अपनी कमर के चारों ओर ताँबे की प्लेटें पहने था और अपने सिर पर जलती मशाल लेकर चलता था।

हाथ में डंडा लिए वह अपनी अद्‌भुत वेशभूषा में गर्वीले ढंग एवं लंबे-चौड़े डग भरता हुआ घूमता था। जब कभी कोई उससे पूछता कि उसकी अजीबोगरीब वेषभूषा का कारण पूछता, वह बताता कि उसकी बुद्धि इतनी अधिक है कि उसे डर है कि यदि उसने अपने पेट के

चारों ओर ताँबे की थालियाँ (प्लेटें) नहीं पहनीं तो उसका पेट फट जायेगा; और चूँकि उसे अपने चारों ओर अज्ञानी व्यक्तियों, जो अंधकार में रहते हैं, पर तरस आता था, इसलिए वह सिर पर प्रकाश लिए चलता था।

हाँ, मुझे पूरा विश्वास है अधिक ज्ञान से मेरे फटने का कोई खतरा नहीं है अत: मुझे ताँबे की थालियाँ पहनने की कोई आवश्यकता नहीं है। और किसी भी अवस्था में, मुझे उम्मीद है कि मेरा ज्ञान मेरे पेट में नहीं रहता है। वह जहाँ कहीं भी रहे हो, उसके लिए पर्याप्त स्थान अभी है और ऐसी कोई सम्भावना नहीं है कि अधिक बुद्धि के लिए कुछ भी स्थान शेष न रहे। यदि मैं ज्ञान में इतना सीमित हूँ, तो मैं बुद्धिमान मनुष्य होने का नाटक कैसे कर सकता हूँ और कैसे दूसरों को नेक सलाह बाँट सकता हूँ? और इस प्रकार मैंने सदैव यही सोचा है कि क्या सही है और क्या नहीं, क्या किया जाना चाहिए और क्या नहीं किया जाना चाहिए, इसे जानने का सर्वोत्तम ढंग उपदेश देना नहीं है, वरन् वार्तालाप करना और तर्क-वितर्क करना है, और कभी-कभी वाद-विवाद से थोड़ा-सा सत्य उभर कर आता है। मैंने तुम्हारे साथ अपनी बातचीत को पसन्द किया है और हम दोनों ने अनेक बातें की है, परन्तु संसार बहुत विस्तृत है और हमारे इस संसार से परे अन्य अद्‌भुत और रहस्यपूर्ण संसार हैं; अत: हममें से किसी को भी कभी थकने पर वैसी कल्पना करने की आवश्यकता नहीं है जैसी अत्यन्त मूर्ख और दम्भी व्यक्ति ने की जिसकी कहानी ह्वेनसांग ने हमें बताई है कि हमने जानने योग्य हर ज्ञान को जान लिया है और अति बुद्धिमान हो गये हैं। और शायद यह अच्छा ही है कि हम बहुत बुद्धिमान न हों क्योंकि अत्यन्त बुद्धिमान, यदि कहीं हैं, तो अवश्य ही कभी उदास होते ही होंगे कि जानने के लिए कुछ और नहीं रहा। वे खोज और नई वस्तुओं के ज्ञान के आनन्द से वंचित रहेंगे—जो ऐसा महान् रोमांच है जिसे हम सभी, जो सजग हैं, पाना चाहेंगे।

अत: मुझे उपदेश नहीं देना चाहिए। परन्तु, अब मैं क्या करूँ? एक पत्र बातचीत का स्थान नहीं ले सकता; कितना भी अच्छा हो, यह एक तरफा मामला ही है। अत: यदि मैं कुछ ऐसा कहूँ जो अच्छी सलाह-सी लगे, तो निगलने के लिए बुरी गोली (दवा) की भाँति मत लेना। कल्पना करो कि मैंने तुम्हें विचार करने के लिए एक सुझाव दिया है, मानो हम वास्तव में बातें ही कर रहे हैं।

इतिहास में हम राष्ट्रों के जीवन में महान् कालों के बारे में, महान् पुरुषों एवं महिलाओं के बारे में और महान् कार्यों जो किये गये के बारे में पढ़ते हैं और यदा-कदा अपनी कल्पनाओं और चिन्तन में, हम अपने विषय में कल्पना करते हैं कि हम उन्हीं कालों में लौट गये हैं और प्राचीन काल के वीरों और वीरांगनाओं की भाँति वीरता के कार्य कर रहे हैं। क्या तुम्हें याद है कि जोन ऑफ आर्क की कथा जब तुमने पहली बार पढ़ी तो उस पर तुम कितनी मुग्ध हो गई थीं और किस प्रकार तुम्हारी अभिलाषा हुई कि उसी के समान कुछ बनो? साधारण नर और नारी सामान्यत: नायक नहीं होते। वे प्रतिदिन की जीविका, अपने बच्चों, अपनी गृहस्थी की चिन्ताओं और ऐसी ही बातों के बारे में सोचते हैं। परन्तु एक समय ऐसा आता है जब एक सम्पूर्ण राष्ट्र किसी महान् कार्य के लिए श्रद्धा से परिपूर्ण हो जाता है, और तब सरल, साधारण नर और नारियाँ भी नायक बन जाते हैं और इतिहास उद्दीपक (उत्तेजनापूर्ण) एवं युग निर्माता हो जाता है। महान् नेताओं के भीतर कुछ ऐसा होता है जो सारे राष्ट्र को प्रेरित करता है और उनसे महान् कार्य कराता है।

वर्ष 1917 जब तुम्हारा जन्म हुआ, इतिहास के स्मरणीय वर्षों में से एक ऐसा वर्ष था जब एक महान् नेता ने, जिसका हृदय निर्धनों एवं दीन-हीनों के प्रति स्नेह एवं सहानुभूति से भरा था, अपनी जनता से इतिहास का एक श्रेष्ठ एवं कभी न भुला सकने वाला अध्याय लिखवाया। उसी माह में जिसमें तुम्हारा जन्म हुआ, लेनिन ने महान् क्रांति आरंभ की, जिसने रूस और साइबेरिया के चेहरे को बदल दिया। और आज भारत में एक अन्य महान् नेता ने, जो उन सभी के लिए प्यार से भरे हैं, जो कष्ट सहते हैं, और जो उनकी सहायता करने के लिए अत्यंत इच्छुक हैं, अपनी जनता को महान् प्रयास और श्रेष्ठ बलिदान के लिए प्रेरित किया है जिससे वे पुन: स्वतन्त्र हो सकें और भूखे मरते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्ति अपने बोझ को हटा सकें।

बापू जी जेल में हैं, परन्तु उनके जादूई संदेश ने भारत के करोड़ों लोगों के दिलों में स्थान बना लिया है, तथा पुरुष और महिलाएँ व छोटे बच्चे भी अपने खोल से बाहर आ रहे हैं। भारत में आज हम इतिहास रच रहे हैं और तुम तथा मैं भाग्यशाली हैं कि अपनी आँखों के आगे यह घटित होता देख रहे हैं और इस महान् नाटक में स्वयं कुछ भूमिका निभा सकते हैं।

इस महान् आन्दोलन में हम स्वयं कैसा व्यवहार करें? इसमें हम क्या भूमिका निभायें? मैं नहीं कह सकता कि हमारे भाग्य में क्या भूमिका आएगी; वह चाहे कुछ भी हो, हम यह याद अवश्य रखें कि ऐसा कुछ न करें जिससे हमारा कार्य अथवा हमारे लोग अपमानित हों। यदि हमें भारत के सैनिक बनना है, हमें भारत के सम्मान को अपने ध्यान में रखना है और वह सम्मान एक पवित्र धरोहर है। प्राय: हमें यह सन्देह हो सकता है कि हम क्या करें। क्या सही (उपयुक्त) है और क्या नहीं है यह निश्चय करना सरल कार्य नहीं है। जब कभी तुम यह निश्चय न कर सको तब के लिए मैं एक छोटा-सा परीक्षण करने को कहूँगा, यह तुम्हारी सहायता कर सकेगा। छुपाकर कभी कुछ न करो अथवा ऐसा कोई कार्य न करो जिसे तुम्हें छुपाने की इच्छा हो क्योंकि किसी कार्य को छुपाने की इच्छा का अर्थ है कि तुम भयभीत हो और भय एक बुरी चीज है और तुम्हारे योग्य नहीं है। बहादुर बनो और सब उसके पीछे-पीछे आता है। यदि तुम बहादुर हो, डरोगे नहीं और ऐसा कोई कार्य नहीं करोगी जिससे तुम्हें लज्जित होना पड़े। तुम जानती हो कि हमारे महान् स्वतन्त्रता आन्दोलन में, बापू जी के नेतृत्व में गुप्त रखने अथवा छिपाने की कोई गुंजाइश नहीं है। हमें कुछ नहीं छिपाना है। जो हम करते हैं उसे करने में और जो हम कहते हैं उसे कहने में हमें भय नहीं है। हम धूप और प्रकाश में कार्य करते हैं। इतना ही नहीं, अपने निजी जीवन में सूर्य से मित्रता करें और प्रकाश में कार्य करें; और गुप्त रूप से अथवा चोरी से कुछ न करें। नि:सन्देह, एकान्त हम रख सकते हैं और रखना भी चाहिये, परन्तु वह गोपनीयता से बिल्कुल भिन्न है और तुम, मेरी प्रिय, यदि ऐसा करोगी, तुम रोशनी के बच्चे की भाँति बड़ी होगी, निडर और शान्त और अविचलित चाहे कुछ भी होता रहे।

मैंने तुम्हें एक बहुत लम्बा पत्र लिख दिया है और फिर भी तुम्हें बताने के लिए बहुत कुछ है। एक पत्र में वह सब कैसे समा सकता है?

मैंने कहा कि तुम भाग्यशाली हो अपने देश में चल रहे स्वतन्त्रता के इस महान् संघर्ष की तुम साक्षी हो। तुम बहुत भाग्यशाली हो कि एक अत्यन्त बहादुर और अद्‌भुत छोटी-सी महिला तुम्हारी मम्मी है और यदि तुम कभी किसी संशय अथवा कठिनाई में हो, तुम्हें उनसे अधिक अच्छा मित्र नहीं मिल सकता।

छोटी बच्ची, विदा और ईश्वर करे कि भारत माता की सेवा में तुम एक वीर सेनानी बनो!

अपने सम्पूर्ण स्नेह एवं आशीर्वाद (शुभकामनाओं) के साथ,

—*जवाहरलाल नेहरू*

**सारांश**—दिया गया पत्र उन पत्रों में से एक है जो जवाहरलाल नेहरू ने, 1930 के दशक के प्रारम्भिक वर्षों में नैनी जेल से, अपनी पुत्री इंदिरा को लिखा। यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह उसके तेरहवें जन्मदिन पर लिखा गया।

जवाहरलाल नेहरू (1889–1964) को किसी औपचारिक परिचय की आवश्यकता नहीं है। महान नेता व प्रशासक होने के साथ-साथ वह भारत के जाने-माने लेखकों में से एक थे। उनका मुख्य कार्य उनकी आत्मकथा, The Discovery of India, Glimpses of World History तथा Letters from a Father to his Daughter है।

## Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (d), **3.** (c), **4.** (a).

**II. State whether the following statements are True or False :**

**1.** T, **2.** T, **3.** T, **4.** F, **5.** T.

**III. Answer the following questions :**

**1.** On the birthday of his daughter Indira Pt. Nehru was in prison .

**2.** He came to India with difficulty, crossing mountains and facing many dangers. He journeyed all over India and studied its people.

**3.** The story referred to Indira By Pt. Nehru is contained in the book written by Hiuen Tsang. It contains many unforgettable experiences of the writer.

**4.** The man told the people that he wore copper plates around his belly lest it should burst out due to his great wisdom.

**5.** The man told the people that he carried the light on his head because he was moved with pity for the ignorant people round him, who lived in darkness.

**6.** According to Pt. Nehru, those who are very wise miss the joy of discovery and learning new things.

**7.** Generally ordinary men and women are not heroic as they think of their daily bread and butter and of their children. They become heroic when a whole nation becomes full of faith for a great cause.

**8.** The face of Russia and Siberia was changed when Lenin began the great revolution in 1917.

**9.** The aim of Gandhiji in starting the movement for getting freedom was to make people free and their burden removed from them.

**10.** Nehru suggests to Indira never to do anything in secret or anything she would wish to hide. It will help to make her fearless and calm and serene in difficulties.

## Language Skill Practice

**IV. Match the words under Column 'A' with their meanings given under in Column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Attire | (e) **clothes** |
| **2.** Starving | (f) **dying of hunger** |
| **3.** Stirring | (g) **exciting** |
| **4.** Epoch | (c) **age in history** |
| **5.** Furtively | (d) **secretly so as to escape notice** |
| **6.** Adventure | (b) **a great and courageous work** |
| **7.** Discredit | (a) **insult** |

**V. Pick out the adjectives from the following sentences and write :**

**Word/Adjective—**

**1.** costly, cheap

**2.** many, none

**3.** rich, any **4.** some, your **5.** very, difficult.

# 14. Know Your Country

### हिन्दी अनुवाद

*(आलोक और पलक रेडियो सुन रहे थे। उनकी दादी माँ कमरे में प्रवेश करती हैं।)*

**आलोक और पलक :** सुप्रभात, दादी माँ।

**दादी माँ :** सुप्रभात, बच्चो। क्या तुम व्यस्त हो?

**आलोक :** नहीं दादी माँ। हम रेडियो सुन रहे हैं।

**दादी माँ :** कौन-सा कार्यक्रम है?

**पलक :** ''अपने देश को जानिए।''

**दादी माँ :** वह बहुत अच्छा है। क्या तुम जानते हो हमारे देश का राष्ट्रीय पशु क्या है?

**पलक :** जी हाँ, दादी माँ। यह 'बाघ' है।

**दादी माँ :** क्या तुम हमारे राष्ट्रीय पक्षी का नाम जानते हो?

**आलोक :** जी हाँ, हमारे राष्ट्रीय पक्षी का नाम 'मोर' है।

**दादी माँ :** हमारा राष्ट्रीय फूल कौन-सा है?

**पलक :** यह 'कमल' है।

*(वह कुछ सेकण्ड के लिए रुकती है और कहती हैं..... )*

कृपया दादी माँ, केवल एक मिनट। रेडियो को सुनें। वे हमारे राष्ट्रध्वज के बारे में बता रहे हैं।

*(सभी रेडियो को सुनते हैं। वहाँ दो/तीन मिनट के लिए शान्ति हो जाती है।)*

**आलोक :** दादी माँ, हमारे राष्ट्रध्वज में तीन रंग हैं—केसरिया, सफेद और हरा तथा अशोक चक्र।

**पलक :** ...और सफेद पट्टी में अशोक चक्र होता है।

**आलोक :** जी हाँ, और केसरिया तथा हरी पट्टी ऊपर तथा नीचे होती है। सफेद पट्टी केसरिया और हरी के बीच में होती है।

**पलक :** क्या आपको यह कार्यक्रम अच्छा लगा दादी माँ?

**दादी माँ :** हाँ, मुझे अच्छा लगा।

**पलक :** दादी माँ, वे हमें हमारे देश के बारे में कल इसी समय और बताएँगे।

**दादी माँ :** यह बहुत अच्छा है। हमारा देश महान है। इसकी सभ्यता बहुत प्राचीन है। यह राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, नानक और महात्मा गांधी का देश है।

**आलोक और पलक :** हमें अपने देश पर गर्व है। हम अपने देश को प्यार करते हैं।

**दादी माँ :** तब मेरे साथ कहो, "जय हिन्द"।

**आलोक और पलक :** जय हिन्द। और अब, आपका दिन बढ़िया हो, दादी माँ।

**दादी माँ :** धन्यवाद बच्चों, तुम्हारा भी।

# Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (c), **2.** (c), **3.** (c).

**II. Fill in the blanks :**

**1.** radio, **2.** programme, **3.** great, **4.** proud, **5.** white.

**III. Answer the following questions :**

**1.** Alok and Palak were listening to the programme 'Know Your Country'.

**2.** The name of our national flower is the lotus.

**3.** Yes, grandmother liked the programme.

**4.** Our national flag has three colours—Saffron, White and Green and Ashoka Chakra is on the white stripe.

**5.** Palak and Alok are proud of their country.

## Language Skill Practice

**IV. Complete the spellings :**

| | | |
|---|---|---|
| s**a**ffron | p**r**o**gr**amme | co**u**nt**r**y |
| ni**gh**t | g**ree**n | w**h**ite |

**V. Match the words under given Column 'A' with their meanings given under Column 'B' :**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| **1.** Tell | (e) **say** |
| **2.** Country | (d) **nation** |
| **3.** Chakra | (b) **wheel** |
| **4.** Busy | (c) **engaged in some work** |
| **5.** Sides | (a) **corners** |

## Activity Time

**VI. See the example and change the sentences accordingly :**

**1.** Do not talk to your friend. **2.** Do not eat ice-cream.
**3.** Do not climb that tree. **4.** Do not write your name.

**VII. Complete the sentences by filling in the following words :**

**1.** bravery and courage, **2.** truth and peace, **3.** wealth and prosperity.

# 15. Blessed in My Birth

**हिन्दी अनुवाद**

मेरा जन्म धन्य है, क्योंकि मैं इस देश में जन्मा,
जननी, मेरा जीवन धन्य है, क्योंकि मैंने तुझे प्यार किया है।
मुझे नहीं ज्ञात कि तेरे पास एक रानी के समान धन-दौलत है।
मैं केवल यही जानता हूँ कि जैसे ही मैं तेरी छाया में खड़ा होता हूँ,
मेरे अंग-प्रत्यंग शीतल हो जाते हैं।
मुझे ज्ञात नहीं कि कौन-से कुंज में वे पुष्प खिलते हैं,
जो आत्मा को ऐसी सुगन्ध से उन्मत्त कर देते हैं।
मुझे ऐसे (अन्य) आकाश की भी जानकारी नहीं, जहाँ
सूर्य ऐसी मधुर मुस्कानों के साथ जागता है।
मेरे नेत्र तेरे दर्शन में ही प्रथम बार खुले,
और वे उसी दर्शन के साथ अन्त में बंद होंगे। *—रबीन्द्रनाथ टैगोर*

## Exercise

## Comprehension

**I. Choose the most appropriate answer : (MCQs)**

**1.** (a), **2.** (c).

**II. Answer the following questions :**

**1.** In the first stanza, the poet addresses his motherland. He says that blessed is his birth and blessed in his life.

**2.** The poet's limbs become cool as soon as he stands in the shade of his motherland.

**3.** The poet adores the flowers by saying that their scent maddens the soul with scents.

**4.** At the time of his birth, the poet saw the sight of his motherland and when he dies, he will see that very sight.

## Language Skill Practice

**III. Editing : How many mistakes can you find?**

On Sunday, Anthony went to Nick's house to play basketball. They played a game of one-by-one. Anthony made six baskets but Nick made eight. Nick was the winner. After the game, both boys went inside to have some snacks and watch television.

## Activity Time

**IV. Put one letter in each box to solve this crossword puzzle :**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | [1]S |
| | | | | | | | | | | L |
| [2]R | | | | | [3]H | A | [4]N | D | | I |
| O | | | | | | | E | | | D |
| C | | [5]H | | | [6]T | I | C | K | L | E |
| [7]K | N | E | E | | H | | K | | | |
| I | | A | | | U | | | | | |
| N | | [8]D | R | U | M | | | | | |
| G | | | | | [9]B | O | W | L | | |

# 16. Exercise and Growth

### हिन्दी अनुवाद

करन और रोहन आपस में बहस कर रहे थे।

''किसी की दायीं बाँह उसकी बायीं बाँह से अधिक मोटी होती है,'' करन ने कहा। ''इस बारे में मुझे पक्का विश्वास है।''

''यह असम्भव है,'' रोहन ने कहा। ''दोनों बाँह बराबर होनी चाहिए!'' कुछ विद्यार्थी करन की ओर थे और कुछ रोहन की ओर।

''दायीं बाँह निश्चित रूप से मजबूत होती है,'' अमन ने कहा, ''शायद यह थोड़ी-सी अधिक मोटी होती है। यह सम्भव है।''

''क्या विचार है!'' शिवम ने कहा, मुझे ''विश्वास है कि यह असम्भव है।''

तभी घंटी बजती, और विज्ञान के अध्यापक मि० सिंह अन्दर आते हैं।

''तुम किस बारे में बहस कर रहे थे?'' मि० सिंह ने पूछा, जब विद्यार्थी बैठ गए।

''सर, क्या दायीं बाँह बायीं बाँह से अधिक मोटी होती है?'' विद्यार्थियों में से एक ने पूछा। करन यह कहता है। ''मैं सोचता हूँ कि दोनों बाँह एक-जैसे आकार की होती हैं।''

''तुम इसी बारे में बहस कर रहे थे, कर रहे थे ना?'' मि० सिंह ने कहा। ''यह भी कोई बहस योग्य विषय है? बहस करना विज्ञान का तरीका नहीं है। तुम क्यों नहीं अपनी बाँहें नाप लेते हो और स्वयं मालूम करो? यह एक बहुत ही साधारण विषय है। कृपया कार्यालय से एक या दो नापने के फीते और कुछ धागे भी ले आओ।''

अत: विद्यार्थी दो नापने के फीते और कुछ धागे भी ले आए। उन्होंने एक-दूसरे की भुजाओं के आकार एक फीते या एक धागे के टुकड़े का उपयोग करते हुए सावधानीपूर्वक नापे।

''अंकित की दायीं बाँह थोड़ी अधिक मोटी प्रतीत होती है, सर,'' अमन के पड़ोसी ने कहा।

''आयुष की दायीं बाँह उसकी बायीं बाँह से दो या तीन मिलीमीटर अधिक मोटी है, सर'' आयुष के पड़ोसी ने कहा।

(वह एक नापने के फीते का उपयोग कर रहा था।) जल्दी ही प्रत्येक कह रहा था, ''इसकी दायीं बाँह थोड़ी अधिक मोटी है।''

''पूरी तरह निश्‍चित मत होओ,'' मि० सिंह ने कहा। ''और इतनी जल्दी भी मत करो। क्या प्रत्येक की दायीं बाँह उसकी बायीं बाँह से अधिक मोटी है?''

''नहीं सर,'' कबीर ने उत्तर दिया। ''अविरल की दायीं बाँह उसकी बायीं बाँह से अधिक पतली है। लेकिन मुझे संदेह है।'' दूसरों ने अविरल की बाँह बड़ी सावधानीपूर्वक एक फीते से नापी।

''जी हाँ,'' उन्होंने कहा, ''अविरल की बायीं बाँह थोड़ी अधिक मोटी है, लगभग तीन मिलीमीटर अधिक मोटी है।''

''जय की दायीं बाँह उसकी बाँयी बाँह से अधिक पतली है,'' जय के पड़ोसी ने कहा।

''क्या यहाँ पर कोई और है जिसकी बायीं बाँह उसकी दायीं बाँह से मोटी है,'' मि० सिंह ने कहा।

'यहाँ पर अड़तीस छात्र है जिनकी दाँयी बाँह मोटी है।'' मि० सिंह बोले। ''लेकिन यहाँ पर केवल दो हैं जिनकी बायीं बाँह उनकी दायीं बाँह से अधिक मोटी है। वे अविरल और जय हैं। तुम्हें सच्चाई पता लग गयी है। अब कोशिश करो और कारणों का अनुमान लगाओ। विज्ञान में हम ''अनुमान नहीं लगाते मगर प्रकृति का अवलोकन करते हुए तथ्य एकत्रित करते हैं, अर्थात्, तथ्यों को देखते हैं। तब हम अपनी बुद्धि का उपयोग करते हैं और तथ्यों को समझने की कोशिश करते हैं। यही वैज्ञानिक पद्धति है।''

''जय और अविरल बाएँ हाथ से कार्य करने वाले हैं, सर'', आयुष ने कहा। ''शायद इसी बात का प्रसंग में कुछ महत्त्व/कारण है।''

